From the house of
HOME CABLE
HOME NET

# होम टाइम्स

हिंदी

साप्ताहिक
शनिवार

FREE COPY

RNI No. MAHHIN/2016/75969 | Post Reg. No. MNE/410/2019-21 | Volume 8 | Issue 25 | Saturday, 16th September to 22nd September 2023 | Price ~~Rs 3~~

www.hometimes.in www.facebook.com/hometimes.in www.twitter.com/hometimes_news hometimes.in write2us@hometimes.in

**होम टाइम्स** साप्ताहिक हिंदी **के सभी पाठकों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं**

# कांक्रीटीकरण के चलते मुलुंड के पेड़ों की जड़ें हो रही है कमजोर


## मुलुंड टी वार्ड नहीं कर रही है नियमों का पालन

■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड और उसके आसपास के इलाके में तेजी से हो रहे विकासकार्य की वजह से पेड़ो की जिंदगी कम होती जा रही है। पेड़ गिरने घटनाएं भी बढ़ रही है जिसका खामियाजना मुलुंडकरों को भुगतना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि बारिश के दौरान मुंबई में कई जगहों पर पेड़ गिरने की घटनाएं उजागर होती है। जिसके चलते कई बार नागरिकों के जानमाल का भी नुकसान होता है। लगातार इस तरीके की बढ़ रही घटना को देखते हुए जब होम टाइम्स की टीम ने परेशानी की जड़ों तक जाने की कोशिश की तब होम टाइम्स के कैमरे में कुछ ऐसी तस्वीरें कैद की गई। जिनसे मुलुंड टी वार्ड के कामों की पोल खोल हो गई है। दरअसल वर्ष २०१८ में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से पेड़ों की जड़ों को मजबूत करने के लिए पेड़ों की जड़ों के आस पास एक मीटर का जगह छोड़ने के आदेश दिए गए थे।

(शेष पेज ३ पर)



MUNICIPAL CORPORATION OF GREATER MUMBAI
No. DMC/DM/3618/OD Dt. 5-12-2018

Sub :- Regarding provision and making space for tree / around trees, removal of asphalt / concrete around the trunk of the road side trees in MCGM.

It is observed that while widening / resurfacing / improvement of roads, there is no space left around the trees. It result in lack of breathing space for trees (which is very much necessary for respiration & aeration to roots in trees and for its profound growth) and it leads to barrier for growth and maintenance of the trees. In such conditions trees are not being properly grown and became weak gradually.

In this regard, Hon. National Green Tribunal has already directed to make available, 1mtr. Space area around the tree trunk for its better growth of root zone to achieve preservation and protection of trees.

This office has already issued directions to various departments for safeguarding trees vide no. DMC /DM/961 dated 08.06.2017.

However, it is absolutely necessary to follow this instruction to achieve survival of trees and for better maintenance of trees in MCGM Jurisdiction.

It is hereby requested to direct all the staff concerned to take precaution and provision to make breathing space available while widening/resurfacing/ improvement of roads or any other works. Also it is also mandatory to keep space for new plantation of trees along both sides the roads as per Maharashtra (Urban Area) Preservation and Protection of Tree Act 1975.



एम.जी. रोड, एमएसइडीसीएल ऑफिस के पास

# गणपति बाप्पा के आगमन की तैयारी शुरू

## गणेशोत्सव के लिए पुलिस, मनपा प्रशासन तैयार



■ **होम टाइम्स टीम**

गणेशोत्सव अब कुछ ही दिन दूर है, ऐसे में शहर के विभिन्न कारखानों में बप्पा की मूर्ति पर पेंट का आखिरी कोट चढ़ाने का काम तेज हो गया है। मूर्ति की आंखों और गहनों की साज-सज्जा का काम फिलहाल तेजी से चल रहा है और इसके लिए मूर्तिकार रोजाना १२ से १५ घंटे तक काम कर रहे हैं।

कारखानों में ५० फीसदी मूर्तियां बुक हो चुकी हैं और ८० फीसदी काम पूरा हो चुका है. मूर्तियां बिक्री के लिए बाजार में आ गई है। इस बीच, व्यवसायियों के अनुसार, कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के कारण इस साल गणेश मूर्ति की कीमत में ३० प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुलुंड शहर में गणेश प्रतिमाएं बनाने वाली सात से आठ छोटे बड़े कारखाने हैं। सात इंच से लेकर १० फीट ऊंची तक की मूर्तियां तैयार की गई हैं और इस साल गणेश प्रतिमा की कीमत में ३० फीसदी का इजाफा हुआ है । प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) नियमों को लेकर गणेश मंडलों को बड़ी राहत मिली है। चार फीट से ऊंची मूर्तियों के लिए पीओपी का उपयोग किया जा सकता है। हालाँकि, चार फीट से कम ऊँची मूर्तियों के लिए शाडू मिट्टी अनिवार्य होगी।

(शेष पेज ७ पर)


RFC
RAHUL'S
The Taste Destination
BARBEQUE ROLLS | PIZZA | PASTA
LEBANESE | CHINESE | JUICE
+91 8591692727
rahulsfoodcourtmulund
Shop no 16, Golden Willows building, Next to Mann Punjab Hotel,
Cypress, Mulund (W), Mumbai - 400080
WE SERVE JAIN FOOD

पेज १ का शेष

# कांक्रीटीकरण के चलते मुलुंड के पेड़ों की जड़ें हो रही है कमजोर



चिंतामणि उद्यान के पास



गुरु गोबिंद सिंह मार्ग, मुलुंड पश्चिम



हिंदुस्तान चौक



मुलुंड कॉलोनी मार्केट

हालांकि मुलुंड की सड़कों और फुटपाथ पर नियमों का पालन नहीं होता दिख रहा है। मुलुंड पश्चिम गुरु गोबिंद सिंह मार्ग पर एक तरफ जहां सड़कों पर कांक्रीटीकरण किया गया है तो वही पेड़ों की जड़ों पर भी कंक्रीट डाल दिए गए है।

इसी के साथ-साथ मुलुंड कॉलोनी के मुख्य मार्किट पर भी ऐसा ही नजारा देखा गया है। जहां पेड़ों की जड़ों के पास पूरी तरीके से सीमेंट भर दिया गया है। मुलुंड पश्चिम स्वप्न नगरी कृत्रिम तालाब के पास भी ६ ऐसे पेड़ देखे गए हैं जहां पर इन पेड़ों की जड़ों के पास क्रांकीट करण किया जा चुका है। यहां पेड़ों की जड़ों को मजबूत होने के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी गई है। सड़कों के साथ-साथ पेड़ों की जड़ों के पास कंक्रीट कारण किए जाने के चलते पेड़ दिन-ब-दिन कमजोर होते जा रहे हैं। इतना ही नहीं मुलुंड के एमजी रोड पर प्रसूति ग्रह के सामने फुटपाथ पर कुछ महीना पहले ही मुंबई महानगरपालिका के टी वार्ड की ओर से फुटपाथ का काम किया गया है।

इस फुटपाथ पर कुछ पेड़ो के पास पर्याप्त जगह छोड़ दी गई है परंतु अभी भी कई पेड़ ऐसे है जहां पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से दिए गए १ मीटर की जगह के आदेश का पालन नहीं किया गया है। मुलुंड पश्चिम के साथ-साथ मुलुंड पूर्व में भी ऐसा ही नजारा होम टाइम्स के कमरे में कैद किया गया है। मुलुंड के सबसे मशहूर चिंतामणि राव देशमुख उद्यान में लगे पेड़ों के पास पर्याप्त जगह छोड़ी गई है। परंतु इसी उद्यान से सटे फुटपाथ पर ८ से अधिक पेड़ ऐसे हैं जहां पर फुटपाथ बनाने के चलते पूरी तरीके से कंक्रीट डाल कर फुटपाथ बना दिया गया है।

मुलुंड पूर्व एन वाय सिनेमास के पास भी पेड़ों की जड़ों पर सीमेंट डाल दिया गया है। इसी के साथ साथ मुलुंड में कई ऐसे और स्थान है जहां पर मनपा द्वारा किए गए कार्यों के चलते नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई है। पेड़ों की जड़ों को मजबूत करने के लिए मिट्टी के बजाय कंक्रीट डालने से पेड़ कमजोर होते हैं और बारिश के दौरान यह पेड़ सड़कों पर गिरकर नागरिकों के लिए मुसीबत का कारण बन जाते हैं। एक तरफ जहां सरकार की ओर से पेड़ लगाने का नारा दिया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ अब महानगरपालिका की ओर से ही पेड़ों का बेरहमी से कत्ल किया जा रहा है। मुंबई महानगरपालिका की ओर से किए गए इन कामों का पर्यावरण प्रेमियों की ओर से भी जमकर विरोध किया जा रहा है। मुंबई महानगर पालिका की ओर से की गई इस लापरवाही का नतीजा अब नागरिकों को आने वाले दिनों में भुगतना पड़ सकता है। इस काम के लिए कौन जिम्मेदार है और क्या आने वाले दिनों में मनपा इन पेड़ों की जड़ों से कंक्रीट निकालकर इन पेड़ों को नया जीवन दान देगी यह देखना काफी दिलचस्प होगा।





एनवाय सिनेमा के पास



स्वप्न नगरी




# श्री कच्छी लोहाणा महाजन मुलुंड और लायन लेडी ऑक्जिलरी के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन




■ **होम टाइम्स टीम**

श्री कच्छी लोहाणा महाजन मुलुंड और लायन लेडी ऑक्जिलरी के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया था। वहां पर भारी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया था।





श्री कच्छी लोहाणा महाजन मुलुंड और लायन लेडी ऑक्जिलरी की ओर से बुधवार को निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया था। जहां पर कई नागरिकों ने कैंसर की जांच करवाई। इसी के साथ साथ ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, और अन्य जांच भी यहां रखे गए थे। इस दौरान प्रमुख उपस्थिति के रूप में लाइन लेडी ऑक्जिलरी के डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन लायन लेडी नेत्रा बलमवार उपस्थित थी। बुधवार की दोपहर १:०० बजे से लेकर ४:०० बजे तक मुलुंड पश्चिम कच्छी लोहाना महाजन वाडी के पवानी बैंक्वेट हॉल में यह चेकअप कैंप का आयोजन किया गया था। जहां पर ८० से अधिक नागरिकों ने कैंसर की जांच कराई। आपको बता दें कि लायंस क्लब के सर्विस वीक के दौरान इन सभी नागरिकों को उनकी रिपोर्ट दी जाएगी। इस रिपोर्ट में पॉजिटिव पाए जाने वाले मरीजों का एन एम अस्पताल में निशुल्क ट्रीटमेंट भी दिया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन देवरतन डागा, झोन चेअर पर्सन लायन मयूर लाखानी, लायन्स क्लब ऑफ मुलुंड के प्रेसिडेंट लायन शंकर पद्मशाली, श्री कच्छी लोहाना महाजन वाडी मैनेजिंग ट्रस्टी माया कोठारी, महेश ठक्कर तथा लायन्स लेडी प्रेसिडेंट सुषमा ठक्कर के साथ ही अन्य लायंस मेंबर्स महाजनवाडी के सदस्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी। लायन लेडी ऑक्जिलरी की डिस्ट्रिक चेयर पर्सन नेत्रा बलमवार ने इस दौरान लायंस क्लब ऑफ मुलुंड की प्रशंसा की और उनके द्वारा इसी तरीके से महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आने वाले दिनों में लिए जाने की उम्मीद भी जताई।







# फ्लोरिंग सोल्यूशन

## गणपती डेकोरेशन

## व्होलसेल प्राईज में उपलब्ध






**हम उच्च गुणवत्ता वाले तिरपाल और शेड नेट का निर्माण करते हैं।**
**हमारी डोरमैट, कुशन मैट और एस-मैट की एजेंसी है। घरों और कार्यालयों के लिए, हम कृत्रिम घास, गैर-बुना कालीन (नॉन वूवन कारपेट ) और पीवीसी कालीन भी प्रदान करते हैं।**






**हमारे यहां त्योहार के समय कृत्रिम फूलों के तोरण और ग्रीन मैट बैकड्रॉप भी मिलते हैं।**
**सभी उत्पाद थोक दरों पर उपलब्ध हैं।**

पता : बी-१४, सुनीता आनंद पैलेस, बाल राजेश्वर रोड, वैशाली नगर, मुलुंड (पश्चिम), मुंबई

संपर्क - योगेश मजीठिया : 9819243679/ करण मजीठिया : 7977009021

Volume : 8 | Issue : 25 होम टाइम्स

# संपादकीय

हिमांशु कोठारी

## कब रुकेगा टोल का झोल

यह अनुमान लगाना आसान हो सकता है कि मुंबई कब अपराध मुक्त होगी, लेकिन यह टोल मुक्त कब होगी, यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है क्योंकि मुंबई में प्रवेश करने वाले पांच टोल बूथ खत्म हो चुके हैं। इन टोल बूथों के खिलाफ कई संगठन और राजनीतिक दल अक्सर विरोध प्रदर्शन करते रहे हैं। अक्सर टोल बूथों के आसपास रहने वाले लोग भी सड़कों पर उतरकर टोल की असुविधाओं के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराते रहे हैं। लेकिन ये टोल बूथ बंद नहीं होंगे। अगर कोई मुंबई के बाहर से सड़क मार्ग से मुंबई आना चाहता है तो उसे बिना टोल चुकाए मुंबई में पैर रखने की इजाजत नहीं होगी। अगर उन्हें मुंबई में आना हो तो उन्हें टोल चुकाकर मुंबई आना पड़ेगा और अगर वह मुंबई से बाहर भी जाते हैं तो बिना टोल चुकाए एक कदम भी मुंबई से बाहर नहीं रख सकते। अंदर आते वक्त टोल और बाहर जाते वक्त टोल चुकाना पड़ता है। हालांकि, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यदि कोई निजी कंपनी अपना पैसा खर्च करती है और सड़कें बनाती है, मरम्मत करती है, उन्हें चौड़ी करती है, तो उसे अपना खर्च किया हुआ पैसा वापस मिलना ही चाहिए। लेकिन अगर इस सड़क पर यातायात की भीड़ को कम करने के लिए सरकार के खजाने से पैसा खर्च करके जगह-जगह फ्लाईओवर बनाए गए हैं, तो टोल कंपनियां इसकी वसूली के लिए कार्रवाई क्यों करेंगी? ऐसा सवाल आम टोल दाताओं के मन में उठता है!

आज मुंबई में जितने फ्लाईओवर बने हैं, उनमें सरकारी पैसा खर्च हुआ है। नतीजा ये हुआ कि ये पैसा लोगों की जेब से टैक्स के रूप में सरकार के पास चला गया। तो आम नागरिक फ्लाईओवर बनाने के लिए अपनी जेब में हाथ क्यों डालें और मुंबई की सीमाओं पर बैठी टोल कंपनियां लोगों से टोल क्यों वसूलें? खैर, कभी-कभी हम अतीत में बनी सड़क के बदले में टोल देते भी हैं, लेकिन फिर इस टोल को क्यों बढ़ाया जा रहा है ? ऐसे सवाल लोगों के मन में खड़े हैं ,क्योंकि मुंबई की सीमा पर कलेक्शन दुकानें लगाने वाली सभी पांच जगहों की टोल कंपनियों ने १ अक्टूबर से दरें बढ़ाने का फैसला किया है। लेकिन ये बढ़ोतरी सिर्फ इसी साल नहीं होगी, क्योंकि हर पांच साल में टोल कंपनियां इस तरह की बढ़ोतरी कर लोगों की जेब खाली करवाने का कार्य करने वाली है।

मुंबई में फिलहाल पांच टोल बूथ हैं। इनमें ऐरोली, वाशी, दहिसर, एलबीएस मार्ग और मुलुंड एक्सप्रेसवे शामिल हैं। सरकार ने उन कंपनियों को २५ साल के लिए इजाजत दे दी है। इसलिए अभी कुछ साल और हमें टोल भरना पड़ेगा। लेकिन इसके बाद भी लोगों को संशय है कि इन पांचों टोल बूथों से छुटकारा मिलेगा या नहीं। क्योंकि आज इन पांचों हाईवे की हालत बिल्कुल भी अच्छी नहीं है। सड़कों की खस्ता हालत के बावजूद ये कंपनियां पैसा वसूल रही हैं। फिर, जब उनके टोल वसूलने की अवधि समाप्त हो जाएगी, तो अन्य कंपनियाँ वहाँ दुकान स्थापित करके नई दर पर वसूली करने बैठेंगी। आज इन सड़कों की हालत को देखते हुए इन्हें फिर से मरम्मत करने की जरूरत है , क्योंकि इन सड़कों का निर्माण करने वाली कंपनियों की सड़कों की गारंटी कब की समाप्त हो गई है,तो उनमें से कुछ की गारंटी समाप्त हो सकती है। फिर सड़कें दोबारा बनानी होंगी, फिर सरकार इसकी भरपाई सालों तक करेगी। ऐसे में मुंबई में रहने वाले लोगों को भी टोल से मुक्ति नहीं है। उनमें से, मुंबईकरों को सड़कों का उपयोग करने के लिए पैसे देने पड़ रहे है। क्या यह कृत्य परेशान करने वाला नहीं है? आज मुंबई में जगह की कमी हो जाने के कारण कई आम नागरिकों ने मुंबई से बाहर स्थित शहरों का सहारा लिया है। लेकिन काम के सिलसिले में उन्हें रोजाना मुंबई आना-जाना पड़ता है। इसका खामियाजना उनको पुरे जीवन भर उठाना पड़ेगा। इसके राजस्व का एक हिस्सा टोल कंपनियों के गले उतर रहा है। इससे वह नाराज हैं, इसलिए मुंबईकरों की यह लूट बंद होनी चाहिए।' सड़कों के गड्ढे भी जनता के पैसे से भरे जाते है , सड़कों पर फ्लाईओवर भी जनता के पैसों से बनाए जाते है और वसूली भी उनके पैसों से की जाती है। इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। यदि सरकार ऐसा नहीं करती है, तो लोग ऐसा करेंगे और जनता यदि इस तरह के कार्य करने पर उतारू हो गई तो प्रशासन के नाक में दम कर देगी।

# मुलुंड में के आखिरी सावन सोमवार को लेकर मंदिरों में दिखा श्रद्धालुओं का हुजूम




■ होम टाइम्स टीम

वर्ष २०२३ में सावन का आखिरी सोमवार होने के चलते शिव मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं का हुजूम देखा गया। इस दौरान मंदिर प्रशासन की ओर से कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया था और पूरे मंदिरों में दिए जलाए गए थे।

सावन का महीना भगवान शिव के लिए खास माना जाता है। इस महीने में सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा आराधना करने से भगवान शिव श्रद्धालुओं पर प्रसन्न रहते हैं। इस वर्ष सावन के ८ सोमवार थे। ११ सितंबर को सावन महीने का आखरी सोमवार होने के चलते मंदिरों में भी विशेष इंतजाम किए गए थे। कई मंदिरों में दिए जलाकर भगवान शिव की पूजा आराधना की गई तो कई मंदिरों में विभिन्न प्रकार की सजावट और रोशनाई की गई थी। मुलुंड के बाल राजेश्वर मंदिर में माता की चौकी कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। जहां भारी संख्या श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो गया था।



# गणेशोत्सव के लिए सरकार, प्रशासन तैयार, टी वार्ड की भी तैयारी शुरू







**■ होम टाइम्स टीम**

गणेश चतुर्थी के दौरान गणेश विसर्जन को लेकर मनपा प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। महानगर पालिका और पुलिस प्रशासन द्वारा मुलुंड में पूर्व और पश्चिम इलाके में विसर्जन केंद्रों का निर्माण किया गया है , क्षेत्र में भीड़ की योजना बनाने और विसर्जन स्थल तक भक्तों के सुरक्षित परिवहन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

गणेश उत्सव बस कुछ ही दिन दूर है। श्रद्धालुओं की ओर से विभिन्न सामग्रियों की खरीदारी शुरू हो गयी है , बाजार सज गए हैं। उधर, शासन-प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर निगम प्रशासन ने गणेश विसर्जन के लिए कृत्रिम झील का निर्माण, विसर्जन घाट की मरम्मत, सड़क पर गड्ढे भरने आदि का काम शुरू कर दिया है। इस वर्ष मुलुंड में कुल सात गणेश विसर्जन घाट जिसमें चार कृत्रिम झीलें और तीन प्राकृतिक झीलें बनाई गई हैं। साईप्रस क्षेत्र में कृत्रिम झील, सुरेश बारकू पाटिल पार्क में कृत्रिम झील, वीर सावरकर पार्क पूर्व में कृत्रिम झील, प्रियदर्शिनी खेल परिसर में कृत्रिम झील बनाई गई है। इसके साथ ही मुलुंड के पूर्व में मोरया तालाब , मीठागर तालाब, हरिओम नगर, भोईर नगर इलाके के तालाब भी गणेश विसर्जन के लिए तैयार किये गए हैं। इन सभी जगहों पर मनपा प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रत्येक तालाब पर भीड़ का नियोजन करने के लिए स्वयंसेवकों को नियुक्त किया जाएगा और गणेश विसर्जन को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए लाइफगार्ड नियुक्त किए जाएंगे। इन लाइफ गार्डों द्वारा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। हालांकि, गणेश प्रतिमाओं के संग्रह के लिए अभी तक कोई योजना नहीं बनाई गई है। विसर्जन स्थल क्षेत्र में घर में बनी गणेश प्रतिमाओं के लिए अलग व्यवस्था की गई है ताकि गणेश उत्सव के लिए मुलुंड क्षेत्र में आने वाले नागरिकों को कोई असुविधा न हो। सार्वजनिक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन की अलग व्यवस्था की गई है। इस बार अलग से गणेश प्रतिमाओं को रखकर पानी में ले जाना सुरक्षित और सुविधाजनक होगा। प्रत्येक विसर्जन स्थल पर मुंबई मनपा के अधिकारियों के साथ-साथ मुंबई पुलिस की एक टीम भी मौजूद रहेगी।

# मुंबई भर में नियुक्त किए जाएंगे १ लाख गण सेवक

**■ होम टाइम्स टीम**

मुंबई में विघ्नहर्ता के पर्व के बीच अब मुंबई भर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुंबई पुलिस के साथ-साथ गणसेवकों की नियुक्ति की जाने वाली है। एक लाख से अधिक गणसेवक मुंबई भर में तैनात किए जाने वाले हैं।

मुंबई के सबसे बड़े त्योहार में से एक माने जाने वाले गणपति बाप्पा के महापर्व को लेकर एक तरफ जहां जोरों शोरों से तैयारियां शुरू है तो वहीं दूसरी तरफ प्रशासन की ओर से भी इस त्यौहार को लेकर कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी पर्व के बीच अब मुंबई भर में १ लाख से अधिक गणसेवक की नियुक्ति की जाने वाली है।

मुंबई पुलिस कमिश्नर विवेक फणसलकर ने गणेश उत्सव समन्वय समिति के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया है। छोटे गणेश उत्सव मंडल में १० और बड़े गणेश उत्सव मंडल में २० ऐसे कुल मिलाकर एक लाख गणसेवक की नियुक्ति की जाने वाली है। यह गणसेवक मुंबई पुलिस की सहायता करेंगे और शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने में भी मदद करेंगे। इतना ही नहीं यदि मंडप के आसपास कोई संदिग्ध वाहन या अन्य कोई संदिग्ध वस्तु दिखाई देती है तो यह गणसेवक तुरंत पुलिस को संपर्क करेंगे ताकि दुर्घटनाओं को समय पर टाला जा सके।

पेज १ का शेष

# गणपति बाप्पा के आगमन की तैयारी शुरू

इस साल मूर्तियां बनाने के लिए जरूरी कच्चे माल की कीमत में बढ़ोतरी हुई है और इस वजह से गणेश मूर्तियों की कीमतें भी ३० फीसदी तक बढ़ गई है। प्रशासन की ओर से कई नियम बनाये गये है। मूर्तिकारों के लिए जगह की जाने की घोषणा भी की गई थी। लेकिन मूर्तिकारों ने अफसोस जताया है कि प्रशासन की ओर से समुचित सहयोग नहीं मिलने के कारण यह महज घोषणा बनकर रह गई। हालांकि चार फीट से ऊंची पीओपी मूर्तियों की अनुमति है, लेकिन कई घरेलू गणेश मूर्तियां पीओपी मिट्टी से भी खरीदी जा रही हैं। मूर्तिकारों का कहना है कि शाडू मिट्टी की मूर्तियों के टूटने की संभावना अधिक होती है और इन मूर्तियों की कीमत भी पीओपी की मूर्तियों की तुलना में अधिक होती है, यही कारण है कि नागरिक पीओपी की मूर्तियां अधिक खरीदते हैं। इसलिए इस साल मूर्तिकारों ने डेढ़ फीट से लेकर तीन फीट तक की पीओपी मूर्तियां भी बिक्री के लिए रखी हैं। पीओपी की अन्य वस्तुएं घरों में उपयोग होती हैं, इनका व्यापक उपयोग होता है, तो गणेश प्रतिमाओं पर सरकार का रुख अलग क्यों? ऐसा सवाल मूर्तिकार भी उठा रहे हैं।

# ईशान्य मुंबई के ८०८ गणपति पंडालों की बुलाई गई महत्वपूर्ण बैठक

## बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने नागरिकों का किया मार्गदर्शन

■ होम टाइम्स टीम

गणेश उत्सव से पहले सोमवार को मुलुंड के कालिदास नाट्य मंदिर में परिमंडल ७ की ओर से ८०८ सार्वजनिक गणेश मंडप के पदाधिकारी की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई। इस बैठक में मंडल के पदाधिकारी को होने वाली समस्याएं सुनी गई और उन पर आगामी पर्व से पहले ही निवारण करने का आश्वासन भी दिया गया।



एक तरफ जहां जोरों शोरों से गणेश उत्सव का पर्व मनाने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ सार्वजनिक गणेश पंडालों और आयोजकों के लिए मुलुंड के कालिदास नाट्य मंदिर में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई थी। इस बैठक में ईशान्य मुंबई के ८०८ सार्वजनिक गणेश मंडल के पदाधिकारी के साथ-साथ संबंधित वार्ड के अधिकारी, अग्निशमन दल, महावितरण, अडानी ग्रुप,एवं यातायात विभाग के अधिकारियों और मुंबई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विनायक देशमुख भी उपस्थित थे। शाम ४ बजे शुरू इस कार्यक्रम में सबसे पहले बीते वर्ष में गणेश उत्सव के दौरान समाज कार्य करने वाले ५ मंडलों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद पंडाल बनाने और १० दिन के इस पर्व में बप्पा के आगमन से लेकर बप्पा के विसर्जन करने तक मंडल के पदाधिकारी को होने वाली परेशानियां सुनी गई और संबंधित अधिकारियों की ओर से इन पर उपाय योजना और जल्द से जल्द इन परेशानियों का निवारण करने का भी आश्वासन दिया गया। जिनमें सड़कों पर निर्माण हुए गड्ढे से लेकर सिर पर लटकते वायर और अन्य समस्याओं का समावेश था। इस बैठक में सभी मंडलों से कानून व्यवस्था बनाए रखने और ऐसी कोई भी कार्य न करने की अपील की गई। जिसके चलते स्थानिक प्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़े। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन और जोन ७ के पुलिस उपायुक्त पुरुषोत्तम कराड के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया था।

# मुलुंड के पंडाल में धूम धाम से हुआ बाप्पा का आगमन

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड सहित पूरे मुंबई और राज्य भर में धूमधाम के साथ बाप्पा का आगमन किया जा रहा है। इस दौरान ढोल और ताशे की धुन पर श्रद्धालु ने झूमते हुए पंडालों में बाप्पा का स्वागत किया है।

गौरतलब है कि देशभर में १९ सितंबर को हर्षो ल्लास के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाने वाला है। इसी के पहले ही विभिन्न पंडालों में विघ्नहर्ता का आगमन शुरू हो गया है। मुंबई के मशहूर में गणपति बाप्पा का एक तरफ जहां धूमधाम से स्वागत किया जा रहा है तो वही मुलुंड में भी कई प्रसिद्ध पंडालों की मूर्तियों का बीते दो सप्ताह से आगमन शुरू है। बाप्पा के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं और नागरिकों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। जहां ढोल ताशे के साथ बप्पा का आगमन किया जा रहा है।



इस दौरान पटाखे की आतिश बाजी भी की जा रही है और श्रद्धालु झूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। छुट्टी के दिन बप्पा के आगमन को लेकर नागरिकों की भीड़ मुलुंड की सड़कों पर देखी जा सकती है। हालांकि विघ्नहर्ता के आगमन को लेकर और कानून व्यवस्था के मद्देनजर मुलुंड और पूरे मुंबई भर में पुलिस की पैनी नजर भी बनी हुई है।

# राज्य सरकार ने गरीबों का गणेश उत्सव किया मीठा

## राशन दुकानों से राशन का वितरण शुरू



■ होम टाइम्स टीम

राज्य सरकार द्वारा गरीबों को राशन वितरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सरकार ने यह कदम गणेशोत्सव के मौके पर उठाया है। मुलुंड में गुरुवार से इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर राशन अधिकारी और मुलुंड विधायक मिहिर कोटेचा के हस्ते ख़ुशी से राशन वितरित किया गया। इसके साथ ही सभी राशन दुकानों में यह काम शुरू हो गया है।

एक ओर जहां राज्य सरकार की विभिन्न गतिविधियों और योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए राज्य भर में सरकार की डोर-टू-डोर पहल चल रही है। यह गतिविधि जारी रहने के बीच अब राज्य सरकार ने त्योहार के दौरान गरीबों के खाने की समस्या का भी समाधान कर दिया है। गरीबों के सभी त्योहारों को मधुर बनाने के लिए सरकार ने सभी राशन दुकानों में खुशी का राशन वितरण शुरू कर दिया है। फड़नवीस-शिंदे सरकार के सत्ता में आने के बाद, उन्होंने चीनी, सूजी, तेल, दाल आदि का वितरण शुरू करने का फैसला किया है । दीपावली हो या गणेशोत्सव, सरकार सौ रुपये में खुशी का राशन दे रही है। इस राशन में एक किलो सूजी, एक किलो चीनी, एक किलो दाल और एक लीटर तेल शामिल है। गुरुवार को मुलुंड के सभी राशन केंद्रों पर राशन पहुंचा दिया गया। इसके बाद उसी दिन से इस राशन का वितरण शुरू कर दिया गया है। इस योजना से मुलुंड में ३६००० लाभार्थी लाभान्वित हो सकेंगे। राशन केंद्रों पर सारा स्टॉक पहुंच चुका है। इसलिए, विधायक मिहिर कोटेचा ने उन नागरिकों से अपील की है जो इस राशन के लिए पात्र हैं, वे अपने आधिकारिक राशन केंद्र पर जाएं और १०० रुपये में यह राशन प्राप्त करें।

# ऐरोली ब्रिज बना डेंजर जोन

## एक और बाइक सवार ने गंवाई अपनी जान

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड के पास बना ऐरोली ब्रिज इस समय मौत का जाल बनता जा रहा है। यह जगह हादसों को न्योता दे रही है। यहां दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। इस सड़क पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक और दोपहिया सवार की मौत हो गई है।

मुलुंड में रहने वाले अवनेंद्र विश्वकर्मा काम के सिलसिले में ऐरोली की ओर गए थे। ऐरोली से वह रात करीब १० बजे ऐरोली खाड़ी में पोल नंबर ११४ के पास पहुंचे ही थे, तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक से नियंत्रण खो बैठे और गिरकर कुछ दूर तक फेंके गए। उनके पेट और सिर पर गंभीर रूप से चोट आई थी । वहां जमा भीड़ ने उसके मोबाइल फोन पर यह जानकारी उसके रिश्तेदारों को दी और उसे इलाज के लिए ऐरोली के इंदिरा अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन दुर्भाग्यवश अगले ही दिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में अवनेंद्र के भाई ने नवघर पुलिस स्टेशन में हिट एंड रन की शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस अब अज्ञात शख्स की तलाश कर रही है। इस बीच, दो हफ्ते पहले इसी इलाके में एक रिक्शा चालक की दोपहिया वाहन से टक्कर हो गई और उसकी मौत हो गई। ऐसे में ऐरोली खाड़ी इलाका एक्सीडेंट प्वाइंट बनता नजर आ रहा है।

# Helpline

सिटीजन रिपोर्टर
78956 78956

होम केबल
022 - 6614 6060

होम नेट
022 - 6621 1333
customerservice@homenet.net

होम टाइम्स
022 - 6614 6050
write2us@hometimes.in

विज्ञापन दें
होम टाइम्स
और
होम केबल
78957 78957
homecableads@gmail.com

उक्त जानकारी के लिए कृपया संबंधित नंबरों पर कॉल करें



## विज्ञापनदाताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना

साप्ताहिक होम टाइम्स में विज्ञापनदाताओं द्वारा विविध प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित किये जा रहे हैं। इस विज्ञापन में जो भी टेक्स्ट छापा जाता है। उसकी पूरी जिम्मेदारी विज्ञापनदाता की है। इस बारे में पाठक खुद जांच परख ले। विज्ञापन के बारे में कानूनन या अन्य मामले में साप्ताहिक होम टाइम्स के व्यवस्थापन मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस परध्यान दिया जाये।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक







## 'सुजोक'

डॉ. मोनिशा रावत

# ल्यूपस...

## बिना दवाई और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलाज

**समय पर इलाज न करने पर हार्ट अटैक या स्ट्रोक जैसी गंभीर/जोखिम भरी समस्याएं पैदा हो सकती है**



यह एक जटिल ऑटोइम्यून बीमारी है जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली विभिन्न अंगो और टिश्यू पर हमला करती है जिससे शरीर में बड़े पैमाने पर सूजन होती है। यह सूजन हार्ट, स्किन, ब्रेन, किडनी, फेफड़े और ब्लड सेल्स और रक्त कोशिकाएं को प्रभावित करती है। यदि इसका इलाज नहीं किया गया तो इससे अंग क्षति ब्रेन स्ट्रोक, दिल का दौरा और किडनी रोग जैसी गंभीर समस्याए हो सकती है। यह बीमारी पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक आम है।

**सामान्य लक्षण**

१. जोड़ों में दर्द, अकड़न और सूजन
२. ज्यादा थकान
३. बुखार
४. बालों का झड़ना
५. सिरदर्द
६. अनिद्रा
७. स्किन पर चकते
८. मुंह में छाले
९. वजन कम या बढ़ना
१०.डिप्रेशन/एक्स्ट्रा एक्साइटी (चिंता)



११. मेमोरी लॉस
१२. ड्राई आंखे
१३. सांस लेने में तकलीफ

**जोखिम**

१. फैमली हिस्ट्री
२. अनहेल्दी आहार
३. स्ट्रेस
४. क्रोनिक इंफेक्शन
५. एक महिला होने के नाते

हमारे 'मोनिशाज मंत्रा' में हम लोगों के उनके ल्यूपस लक्षणों को मैनेज करने मदद करते है और उन्हें बिना किसी दवाई और बिना किसी साइड फेक्ट के उनके सूजन और राहत दिलाने में निम्नलिखित प्राकृतिक तरीकों से मदद करते हैं।

१. प्रोसेस्ड, पैकेज्ड, तले हुए खाद्य पदार्थ, एक्स्ट्रा नमक रिफाइंड चीनी, ग्लूटेन, शराब, कैफीन, निकोटीन जैसे सूजन पैदा करने वाले पदार्थों का सेवन कम करना।
२. हल्दी, अदरक, तुलसी, ग्रीन टी, हर्बल टी, हरी पत्तेदार सब्जियां, नट्स, चिया सीड्स, जैसे एन्टी-इन्फ़्लामेटरी पदार्थों का सेवन करना।
३. स्माइल मेडिटेशन और योग-प्राणायाम से तनाव दूर करना।
४. दिनभर में कम से कम १०-१२ गिलास पानी पी कर शरीर को हाइड्रेटेड रखना।

### सुजोक थैरापी




**अ) एक्यूप्रेशर** – सुजोक रिंग को हाथ की सभी १० अंगुलियों पर हल्के दबाव के साथ दिनभर में २-३ बार, २५-३० बार घुमाएं (चित्र १ में दर्शायेनुसार)




**ब) सीड़ थैरापी** – सूजन कम करने के लिए रोजाना रात में किसी भी एक पैर की अंगुली पर चिपकाने वाले टेप पर मैथी के दाने का लेप लगाकर चिपकाना (चित्र २ में दर्शायेनुसार)


**इंटरनेशनल सुजोक असोसिएशन (ISA) सर्टिफाइड़ वर्कशाप शेड्युल**

१.ऑनलाइन(इंटरनेशनल)-सुजोक-बेसिक(लेवल-I)18th to 26/09/2023
२. ऑनलाइन-सुजोक Six Ki-1(लेवल -III) 11th to 23/10/2023
३. रेसिडेंशियल, मेरिडियेन सुजोक Ki (लेवल -II) 27th to 29/10/2023
LIMITED SEATS. REGISTRATION ON FIRST CUM FIRST BASIS CALL ON-8422948592/8655139777.



**डॉ. मोनिशा रावत- संस्थापक 'मोनिशाज मंत्रा' मुंबई एवं ग्लोबल वी-केयर फाउंडेशन,** M.Sc., MD (Alternative Medicines), **लाइफ कोच, मास्टर इन सुजोक थैरापी, कन्सल्टिंग न्यूट्रीशनिस्ट, होलेस्टीक काउन्सलर, कारपोरेट ट्रेनर, सुजोक डायबिटीज स्पेशलिस्ट, इंटरनेशनल लेक्चरर फार 'सुजोक एन्ड स्माईल ताई-जी'. ISA ऑथराईज्ड लेक्चरर फार लेवल - I, II, III & IV**
**Award Winner as a BEST PERFORMING TEACHER by International Sujok Association (ISA) – SIC 2019**
**NATIONAL EXCELLENCE HEALTH AWARD – 2019 During COVID-19**
**Award winner of Inernational Women Excellence Empowerment Award (WEE) – 2020 as a RISING STAR**
**Award winner of India Best Therapist Award for the Year 2021 by MKSS**
**Award Winner of ET CHANGE MAKER-2022 for Health & Wellness powered by Economic Times-Ascent & Navbharat Times**
**An ISO Certified Centre at Mumbai**
**Mulund- +91 8655139777/ 9029960086, Goregaon - +91 8433947592/9820343592**




सुनिता देसाई

# राशिफल

Saturday,16th Sept to 22nd Sept 2023


२००३ से टैरोट रीडिंग कर रही हैं। इसके अलावा वे ग्राँड मास्टर इन रेकी, चार लेवल इन चक्रा मेडिटेशन, मास्टर इन मर्मा, जि.पी इन शियात्शु, क्रिस्टल और पिरामिड एक्सपर्ट, मास्टर ऍक्युप्रशरिस्ट,अरोमा थेरॉपिस्ट, प्राणिक हीलर, औरा रीडर और वर्च्यू प्रैक्टिश्नर हैं। व्यक्तिगत सलाह के लिए मिलें.


**+91 93234 30355 desaisunita02@gmail.com**






### मेष (अ, ल, इ)

**भविष्यवाणी :** स्थितियों में सुधार होगा और आप संतुष्ट महसूस करेंगे।
**सलाह:** १) ऊँचाइयाँ हासिल करने के लिए ऊँचा सोचें।
२) बैंगनी रंग की चीजों का प्रयोग करें।
३) अपनी जरूरतों पर ध्यान दें।




### कर्क (ड, च, ह)

**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह आपके लिए कोई यात्रा का योग है। आप उद्देश्यपूर्ण ढंग से यात्रा करेंगे।
**सलाह:** १) किसी पवित्र स्थान या मंदिर के दर्शन करें। २) लाल रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी शक्ति पर ध्यान दो।





### तुला (र, त)

**भविष्यवाणी:** आपकी संतुष्टि से आपको मानसिक शांति मिलेगी और आप अच्छे से काम करेंगे। **सलाह:** १) अपना सामान अपने प्रियजनों के साथ साझा करें। २) पढ़ने से आपको मदद मिलेगी इसलिए आप जो पढ़ते हैं उसे पढ़ें और समझें। ३) अपने लाभ पर ध्यान दें।




### मकर (ख, ज)

**भविष्यवाणी:** कुछ अनियोजित काम शानदार परिणाम देंगे। स्थिरता आपके रास्ते में है।
**सलाह:** १) समूह आपके लिए किसी भी व्यक्ति से बड़ा है। २) किसी भी मामले में पार्टनरशिप न करें। ३) अपने वित्त पर ध्यान दें।





### वृषभ (ब, व, य)

**भविष्यवाणी :** धन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा तथा जब आप धन चाहेंगे तो नहीं मिलेगा।
**सलाह:** १) कुछ भी निर्णय लेने से पहले दो बार सोचें। २) नारंगी रंग की चीजों का प्रयोग करें।३) अपनी संतुष्टि पर ध्यान दें।




### सिंह (म, ट)

**भविष्यवाणी:** आप किसी भी चीज़ या व्यक्ति से खुश नहीं रहेंगे। आप बंधा हुआ महसूस करेंगे।
**सलाह:** १) किसी पवित्र स्थान या मंदिर के दर्शन करें। २) पक्षियों या जानवरों को खाना खिलाने से आपको मदद मिलेगी। ३) अपने नए विचारों पर ध्यान दें।





### वृश्चिक (न, य)

**भविष्यवाणी:** आप जो चाहते हैं वह आपको मिलेगा और कोई छिपा हुआ सच किसी के द्वारा उजागर हो जाएगा।
**सलाह:** १) लोगों की बात ध्यान से और स्पष्ट रूप से सुनें। २) अपना काम खुद करो किसी पर भरोसा मत करो। ३)अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान दें।




### कुंभ (ग, स, श)

**भविष्यवाणी:** आप अपनी सफलता का जश्न मनाएंगे। कोई जाना-पहचाना व्यक्ति आपके फायदे के लिए आपके संपर्क में आएगा। **सलाह:** १) नए और पुराने संबंधों का सहयोग करें। २) किसी पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें। ३) अपने विचारों पर ध्यान दें।




### मिथुन (क, च, ज)

**भविष्यवाणी:** आपकी वाणी आपकी ताकत बनेगी और कोई आपकी प्रशंसा करेगा।
**सलाह:** १) जाकर कुछ बुजुर्ग रिश्तेदारों से मिलें। २) भूरे रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने आराम पर ध्यान दें।





### कन्या (प, ठ, ण)

**भविष्यवाणी:** आप अपनी पिछली गलतियों को सुधारने के लिए काफी मजबूत होंगे और इससे आपको बहुत मदद मिलेगी। **सलाह:** १) आपको परिस्थितियों को समझने की कोशिश करनी चाहिए। २) जिस पर आपको भरोसा हो उससे सलाह लें। ३) अपनी इच्छा शक्ति पर ध्यान दें।




### धनु (भ, ड, फ, ठ)

**भविष्यवाणी:** कोई ऐसा व्यक्ति जिसे आप ज़्यादा महत्व नहीं देते, वह आपकी बहुत बड़ी चीज़ों में मदद करेगा। कुछ आश्चर्य तो हैं ही। **सलाह:** १) कुछ आध्यात्मिक पाठन को समय दें। २) निवेश के लिए समय अच्छा है इसलिए उसी पर ध्यान दें। ३) भ्रम पर ध्यान दें।




### मीन (द, च, झ)

**भविष्यवाणी:** आपको कुछ निराशा का सामना करना पड़ेगा। आपकी दिनचर्या में कुछ अनसुलझी समस्याएं परेशान करेंगी।
**सलाह:** १) प्रतिकूल परिस्थितियों पर ध्यान न दें। २) सौभाग्य के लिए कोई पोशाक संबंधी वस्तु अपने पास रखें। ३) अपने खान-पान और नींद पर ध्यान दें।

# मनपा फिर से कर रही है मुंबई के गार्डन को प्राइवेट हाथों में सौंपने की तैयारी

## २०१६ में किया गया था पॉलिसी के विरोध

■ होम टाइम्स टीम

वर्ष २०१६ में ओपन स्पेस पॉलिसी के विरोध किए जाने के बाद अब दोबारा से मनपा की ओर से इसी पॉलिसी को लागू कर मुंबई भर के मैदान और उद्यानों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है। हालांकि वर्ष २०१६ के बाद अब भी इस पॉलिसी का नागरिकों की ओर से जमकर विरोध किया जा रहा है।

गौरतलब है की वर्ष २०१६ में ओपन स्पेस नीति का नागरिकों द्वारा विरोध किए जाने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस पर रोक लगा दी थी और उसे समय २१६ खुले स्पेस में से १९० को वापस ले लिया गया था।

हालांकि अभी भी २६ गार्डन राजनेताओं के पास है। परंतु अब एक बार फिर गार्डन और ओपन स्पेस के साथ-साथ मनोरंजन मैदान के लिए लॉन्ग टर्म पॉलिसी बनाने की तैयारी बीएमसी की ओर से की जा रही है। इसके तहत मुंबई के गार्डन और ओपन स्पेस प्राइवेट हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है। बीएमसी का कहना है कि प्राइवेट संस्थाएं, कंपनियां, पॉलिसी बनाने के बाद विकास के लिए इन्हें गोद ले सकेंगे। आंकड़ों की बात करें तो मुंबई में बीएमसी के कुल १०६८ गार्डन ओपन स्पेस और खुले मैदान है। इस काम को करने से पहले बीएमसी की ओर से १० अक्टूबर तक सुझाव और आपत्तियां भी नागरिकों से मांगी गई है। जिसके लिए नागरिक बीएमसी के पोर्टल पर जाकर अपने सुझाव और आपत्तियां बीएमसी तक पहुंचा सकते हैं। जिसके बाद बीएमसी इस मुद्दे पर अपना अंतिम फैसला लेगी।

मुलुंड की बात करें तो मुलुंड अपने उद्यानों और खुले मैदान के लिए काफी प्रसिद्ध है। ऐसे में इन खुले मैदान और उद्यानों को निजी हाथों में देने की पॉलिसी नागरिकों की ओर से गलत मानी जा रही है और नागरिकों ने इस पॉलिसी का विरोध किया है।

नागरिकों का मानना है कि आने वाले दिनों में इन उद्यानों में भी निर्माण कार्य कर दिए जाएंगे। जिसके चलते खेलने के लिए उनके बच्चों के पास कोई मैदान उपलब्ध नहीं होंगे।

# तुलसी और विहार झील हुई लबालब

## पानी की कटौती रोकने के लिए आठ दिन और बारिश की जरूरत

■ होम टाइम्स टीम

मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाली झील के जलग्रहण क्षेत्र में बारिश ने फिर से मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इस क्षेत्र में महज २४ घंटे में झील में पानी का भंडारण ४० हजार ५२६ मिलियन लीटर बढ़ गया है। परिणामस्वरूप, सभी सात झीलों में कुल जल भंडारण १३ लाख ४८ हजार ४४९ मिलियन लीटर तक पहुंच गया है, मुंबई में जल संकट का डर भी कुछ कम हो गया है।

पिछले २४ घंटों (मंगलवार) में मुंबई के झील क्षेत्र में १०७ से १३५ मिमी बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक १३५ मिमी वर्षा मोडक सागर झील क्षेत्र में हुई है। नासिक जिले में ऊपरी वैतरणा झील क्षेत्र में भी ११२ मिमी बारिश हुई। भातसा झील क्षेत्र, जो शहर को प्रतिदिन १,८५० मिलियन लीटर की उच्चतम जल आपूर्ति प्रदान करता है, में भी ११९ मिमी बारिश दर्ज की गई। अनुमान है कि आने वाले हफ्ते में बारिश सक्रिय रहने से इस भंडारण में बड़ा इजाफा होगा।



मुंबई शहर में कम से कम १० से ११ दिनों तक चल सकता है इतना पानी पिछले २४ घंटों में जमा हो गया है। ७ सितंबर को झील के जलग्रहण क्षेत्र में जल भंडारण १३ लाख ७ हजार ९२३ मिलियन लीटर था। ३ फीसदी की औसत बढ़ोतरी से यह १३ लाख ४८ हजार ४४९ मिलियन लीटर तक पहुंच गया। इस बीच झील को भरने के लिए ९८ से ९९ हजार मिलियन लीटर पानी की जरूरत होती है। मुलुंड भांडुप क्षेत्र में तुलसी और विहार झीलें अब पूरी क्षमता से भर गई हैं। यदि इस सप्ताह संतोषजनक बारिश होती है, तो मुंबईकरों के लिए पानी की कमी का संकट टल जाएगा।

# केशव पाड़ा में दो साल पहले बना फुटपाथ ढह गया

## चार वाहनों का हुआ भारी नुकसान

■ होम टाइम्स टीम

केशव पाड़ा के रस्ते पर मुंबई मनपा के निकृष्ट दर्जे के काम की पोल खोल हो गई है। यहां का फुटपाथ शुक्रवार रात में अचानक ढह गया। यह फुटपाथ ड्रेनेज लाइन पर बनाया गया था। इस घटना से वहां खड़ी गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। नागरिकों ने मांग की है कि मनपा प्रशासन तत्काल एक्शन मोड में आये ताकि भविष्य में ऐसी अनुचित घटना न हो।

केशव पाड़ा रोड इलाके में वैष्णवी सोसायटी के सामने का फुटपाथ शुक्रवार रात अचानक ढह गया। इसमें चार दोपहिया वाहन नीचे जा गिरे जिस वजह से स्थानिकों का काफी नुकसान हो गया। फुटपाथ के नीचे जल निकासी लाइन है। इसी पर यह फुटपाथ बनाया गया था। सौभाग्य से, घटना रात के समय होने के कारण उस स्थान पर भीड़ भाड़ नहीं थी। जब हादसा हुआ तो स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना मनपा प्रशासन और



फायर ब्रिगेड को दी। पूर्व नगरसेविका समिता कांबले और उत्तर पूर्व मुंबई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम गीते ने भी घटनास्थल का दौरा किया। इस क्षेत्र के नागरिकों ने भी भीड़ इकट्ठा कर ली थी। दो साल पहले बने फुटपाथ की यह हालत देख उत्तम गीते ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह फुटपाथ दो साल पहले समिता कांबले के फंड से बनाया गया था और फुटपाथ की हालत चूहों के कारण हो गई है। लेकिन कहा कि जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिस वैष्णवी धाम भवन के सामने यह घटना घटी, वहां दो दिन बाद गणपति बप्पा का आगमन होने वाला है। इमारत के गेट के सामने फुटपाथ का इस तरह से क्षतिग्रस्त होना नागरिकों में नाराजगी का कारण बना। इस संबंध में समिता कांबले ने बताया कि मनपा प्रशासन की ओर से अस्थायी उपाय के तौर पर इस पर लोहे की प्लेट लगायी जायेगी।

# मुलुंड में रिक्शा चालक ने दिखाई ईमानदारी

## राजस्थान से आए युवक का २ लाख रूपए का सामान किया वापस

■ होम टाइम्स टीम

अब तक आपने रिक्शा चालकों की मनमानी की खबरें सुनी होंगी, लेकिन मुलुंड में एक रिक्शा चालक की ईमानदारी की खूब चर्चा हो रही है। इस ईमानदार रिक्शा चालक ने एक यात्री का दो लाख रुपये कीमत का सामान वापस कर दिया। राजस्थान का एक यात्री पैसे और नकदी रिक्शे में ही भूल गया था। जिसे ईमानदार रिक्शा चालक ने ढूंढकर वापस कर दिया। इस ईमानदार रिक्शा चालक का नाम सतीश आपटे है।

रिक्शा चालक सतीश आपटे हमेशा की तरह मुलुंड में रिक्शा चला रहे हैं और उन्होंने गुरुवार दोपहर को सर्वोदय नगर जैन मंदिर से किराया लिया। उन्होंने इस यात्री को मुलुंड पूर्व की ओर उतार दिया। फिर उसने उसी स्थान से दूसरा किराया लिया और महिला यात्री को उसके इच्छित स्थान पर छोड़ दिया। जब महिला रिक्शे से उतर रही थी तो रिक्शे की पिछली सीट पर एक बैग देखा तब रिक्शा चालक ने उससे पूछा क्या यह बैग आपका है? पूछने पर



उसने बताया कि यह बैग उसका नहीं है। ऐसे में आपटे को समझ आ गया कि यह बैग पहले रिक्शा में बैठे यात्री का ही होगा। उन्होंने बैग चेक किया तो पता चला कि उसमें दो लाख तक की रकम और कुछ जरूरी दस्तावेज थे। बैग की और जांच करने पर उन्हें एक रसीद बुक मिली। जिस पर राजस्थान का पता और संपर्क नंबर था। उन्होंने उस पते पर संपर्क किया, लेकिन वहां से उन्हें उचित रिस्पॉन्स नहीं मिला। इस वजह से उसने अपने राजू नाम के दोस्त को बुलाया। बैग की और जांच करने पर उसे बैग में एक चेक बुक मिली। इस चेक बुक में एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। जब उस नंबर पर संपर्क किया गया तो सामने वाले ने बताया कि उसका नाम प्रेमराज है। प्रेमराज खुद काम के सिलसिले में राजस्थान से मुलुंड आए थे। यह आपटे ही थे जिन्होंने उन्हें रिक्शे से मुलुंड पूर्व की ओर छोड़ा था। इस बात का एहसास होने के बाद आपटे ने प्रेमराज को उस स्थान पर बुलाया जहां उसने उसे छोड़ा था और उसका पैसों और दस्तावेजों से भरा बैग उसे लौटा दिया।

उधर, प्रेमराज ने बैग खोने के संबंध में अभी तक पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। लेकिन फिर भी बिना किसी का इंतजार किए रिक्शा चालक आपटे ने प्रेमराज को ढूंढ लिया और उसका बैग उसे लौटा दिया। राजस्थान से मुलुंड आए नागरिक ने मुलुंड के रिक्शा चालक की ईमानदारी देखकर उस ईमानदार रिक्शा चालक को धन्यवाद दिया। इसके बाद मुलुंड में सतीश आपटे नाम के एक रिक्शा चालक की ईमानदारी की काफी चर्चा हो रही है।

# १ अक्टूबर से मुंबई में आने के लिए नागरिकों को देने होंगे अधिक पैसे

### टोल की कीमतों में की गई बढ़ोतरी

## महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने किया विरोध

■ होम टाइम्स टीम

मुंबई में आवाजाही करने वाले वाहन चालकों को अब १ अक्टूबर से अपने प्रवास के दौरान अधिक टोल देना पड़ेगा। प्रशासन की ओर से टोल की कीमतों में बढ़ोतरी करने का फैसला लिया गया है। हालांकि बढ़ोतरी किए जाने के बावजूद नागरिकों को सुविधा न देने के चलते महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की ओर से इन बढ़ती कीमतों का विरोध किया गया है।

महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने मुंबई की सीमाओं पर स्थित टोल बूथों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत अगले महीने यानी १ अक्टूबर से टोल टैक्स बढ़ाया जाएगा, जिससे वाहन चालकों को नया झटका लगने वाला है। मुंबई में पांच प्रवेश द्वार पर टोल लिया जाता है। जिसमें ऐरोली, वाशी, दहिसर, मुलुंड में लाल बहादुर शास्त्री मार्ग (डइड) और मुलुंड में ही ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे (Eastern Express Highway) का समावेश है। १ अक्टूबर से कारों के लिए ५ रुपये, मिनी बसों के लिए १० रुपये, ट्रकों और बसों के लिए २० रुपये टोल टैक्स की बढ़ोतरी की गई है।



### २००२ से शुरू किया गया था टोल

मुंबई में पांच प्रवेश द्वारों पर टोल वसूली २००२ से शुरू हुई थी और यह वसूली करीब २५ साल तक यानी २०२७ तक जारी रहने वाली है। २००२ में कारों के लिए यहाँ २० रुपये, मिनी बसों के लिए २५ रुपये, ट्रकों/बसों के लिए ४५ रुपये और भारी वाहनों के लिए ५५ रुपये का टोल था। वर्तमान में कार के लिए टोल दर ४० रुपये, मिनी बस के लिए ६५ रुपये, ट्रक/बस के लिए १३० रुपये है। वहीं भारी वाहनों से इन पांचों एंट्री पॉइंट्स पर १६० रुपये टोल वसूला जा रहा है।

### १ अक्टूबर २०२६ में फिर होगी टोल की कीमतों में बढ़ोतरी

जारी किए गए अधिसूचना में यह लिखा गया है कि हर ३ साल में मुंबई के पांच प्रवेश द्वारों पर वसूले जाने वाले टोल की कीमतों में बढ़ोतरी होगी। १ अक्टूबर २०२३ से लागू होने वाले नए दरों के बाद अब १ अक्टूबर २०२६ में दोबारा से टोल की कीमतों में बढ़ोतरी होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### नागरिकों में दिख रहा है आक्रोश

लगातार टोल की कीमतों में बढ़ोतरी किए जाने के फैसले को लेकर अब नागरिकों में आक्रोश देखा जा रहा है। नागरिकों की कई समस्याओं पर निवारण न करते हुए केवल टोल की कीमतों में बढ़ोतरी और नागरिकों से जबरन टोल वसूली की जा रही है। नागरिकों का मानना है कि टोल से कुछ ही मीटर की दूरी पर रहने वाले नागरिकों से भी मुंबई में आवाजाही करने पर उनसे टोल वसूला जा रहा है जबकि टोल को माफ कर दिया जाना चाहिए। इतना ही नहीं अन्य सुविधाओं पर भी प्रशासन की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसमें गड्ढे, शौचालय, पानी आदि की सुविधा शामिल है।

### मनसे ने बढ़ती कीमतों के खिलाफ किया आंदोलन

टोल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेवा की ओर से बुधवार को मुलुंड पूर्व ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे स्थित टोल नाके पर आंदोलन किया गया। मनसे नेता अविनाश जाधव की ओर से टोल प्रशासन को पत्र देकर जल्द से जल्द इन सुविधाओं को शुरू किए जाने की मांग की गई और यदि आने वाले दिनों में यह सुविधा नहीं शुरू की गई और उसके बाद १ अक्टूबर से यदि वाहन चालकों से नई दरों के मुताबिक टोल वसूला गया तो टोल नाके पर तीव्र आंदोलन किए जाने का इशारा भी मनसे कार्यकर्ताओं की ओर से दिया गया है।

# म्हाडा कॉलोनी में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश, परिसर में फैली सनसनी

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पूर्व में ३५ वर्षीय व्यक्ति की लाश मिलने से परिसर में सनसनी फैल गई है। इस घटना के बाद नवघर पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की अधिक जांच नवघर पुलिस की ओर से की जा रही है।

नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार मंगलवार को उन्हें एक व्यक्ति का फोन आया। जिसने बताया कि मुलुंड पूर्व के महाडा कॉलोनी परिसर में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी है। इस बात की जानकारी मिलने के बाद नवघर पुलिस सीधे घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल इस अज्ञात व्यक्ति की लाश को घाटकोपर के राजावाड़ी अस्पताल में भेज दिया गया है।

इस अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग ३५ साल बताई जा रही है। इस व्यक्ति के शरीर पर घाव के कोई निशान सामने नहीं आए है। नवघर पुलिस ने एडीआर के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की अधिक जांच जारी है।

# एक फ्लैट दो मालिक

## बिल्डर की चालाकी का हुआ खुलासा

■ होम टाइम्स टीम

नाहुर में एक बिल्डर ने एक ही फ्लैट २ लोगों को बेचने की चौंकाने वाली घटना सामने आई है । ठगी का शिकार हुए परिवार ने मुलुंड पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

मुलुंड में रहने वाली सीमा पवार और उनके परिवार ने अशोक नगर नाहूर में मेसर्स ओम बिल्डर्स एंड डेवलपर्स की प्रस्तावित इमारत में एक फ्लैट खरीदने का फैसला किया था। इसके लिए उन्होंने बिल्डर्स के ऑफिस में जाकर फ्लैट के बारे में जानकारी ली थी और उन्हें फ्लैट का पजेशन कब मिलेगा इसकी पूछताछ की थी। इसके बाद उन्होंने २०१६ में इस संबंध में लेनदेन किया था। बिल्डर की तरफ से पवार परिवार को बताया गया कि इमारत का निर्माण दो साल के भीतर पूरा हो जाएगा और उन्हें फ्लैट का कब्जा मिल जाएगा। तदनुसार, उन्होंने इस फ्लैट के लेनदेन से संबंधित बुकिंग राशि का भुगतान भी कर दिया था। इसके बाद उन्हें फ्लैट का पजेशन लेटर भी मिल गया। लेकिन २०२३ में, जब वह फ्लैट के कब्जे के बारे में पूछताछ करने के लिए बिल्डर के कार्यालय पहुंची, तो उसे बताया गया कि फ्लैट पहले ही किसी अन्य ग्राहक को बेच दिया गया है। इसलिए उन्होंने फ्लैट के लिए बिल्डर को अब तक दिए गए पैसे की वसूली के लिए प्रयास शुरू कर दिया।

लेकिन फॉलो करने के बाद भी बिल्डर की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसलिए, पवार परिवार ने मुलुंड पुलिस स्टेशन में बिल्डर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने के लिए पत्राचार शुरू कर दिया। आखिरकार मुलुंड पुलिस ने मेसर्स ओम बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के मिलिंद यादव और सचिन यादव दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। इस मामले में पवार परिवार के ८६ लाख ५२ हजार ६०० रुपये फंसे हुए हैं। इसके लिए पवार परिवार फॉलोअप भी शुरू था। लेकिन सकारात्मक प्रतिक्रिया न मिलने के कारण आख़िरकार पवार परिवार को इस डेवलपर के ख़िलाफ़ पुलिस स्टेशन का दरवाज़ा खटखटाना पड़ा। दर्ज अपराध के अनुसार जांच की जा रही है।

# मुलुंड पूर्व स्थित गोडाउन से की गई लाखों रुपए की चोरी

## पुलिस ने शुरू की जांच

■ होम टाइम्स टीम

अंधेरे का फायदा उठाकर मुलुंड पूर्व के गव्हाण पाडा परिसर स्थित गोडाउन में घुसकर लाखों रुपए की चोरी करने का मामला सामने आया है। फिलहाल नवघर पुलिस तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की जांच में जुट गई है।

नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता कृष्णा बाथे ठाणे का रहिवासी है। कृष्णा मुलुंड पूर्व गव्हाण पाडा परिसर स्थित कोणार्क रिटेलर्स कंपनी में सिविल इंजीनियर रूप में कार्यरत है। १० सितंबर की शाम ६:३० बजे आर्य पार्क स्थित गोडाउन को सुपरवाइजर मोहित ने लॉक किया और घर चला गया। ११ तारीख को सुबह ९:३० बजे जब गोडाउन खोला गया तब उसमें से कई वस्तुएं गायब थी। जिसकी कुल कीमत १ लाख ६७ हजार से अधिक बताई जा रही है। इस गोदाम में इमारत बनाने के कई वस्तुएं जैसे ड्रिलिंग मशीन, ग्राइंडर मशीन आदि रखे गए थे।

अपने वर्कर्स इन सामान की जांच पड़ताल करने के बाद पीड़ित को एहसास हुआ कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोदाम में घुसकर इन वस्तुओं को चुरा लिया है। जिसके बाद शिकायतकर्ता नवघर पुलिस स्टेशन गया और घटना की जानकारी दी गई। फिलहाल नवघर पुलिस ने आईपीसी की धारा ३४, ३८०, ४५४ और ४५७ के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की अधिक जांच जारी है।

# चोर ने ६० हजार का मोबाइल चुरा लिया फिर बस स्टॉप पर मोबाइल चोर सक्रिय

■ होम टाइम्स टीम

कुछ दिन पहले मुलुंड पुलिस ने चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन की जांच की और उन्हें बरामद कर नागरिकों को लौटाया। उस समय पुलिस ने नागरिकों को मोबाइल फोन चोरों पर अंकुश लगाने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी भी दी थी। लेकिन इस सप्ताह देखा गया है कि मुलुंड में मोबाइल चोर फिर से सक्रिय हो गए हैं।

मुलुंड के निर्मल लाइफस्टाइल इलाके में एक व्यक्ति की जेब से ६०,००० का मोबाइल फोन चोरी हो गया। राजेश ढिकले निर्मल लाइफस्टाइल इलाके में एक प्रतिष्ठान में कानूनी सलाहकार हैं। वह अपना काम खत्म करने के बाद सोमवार शाम करीब चार बजे घर लौटने के लिए मुलुंड स्टेशन जाने वाली बस नंबर ४९६ ले रहे थे । उसी समय उनकी जेब से सैमसंग नोट ट्वेंटी मोबाइल फोन चोरी हो गया। राजेंद्र को जब यह बात समझ आई तब उसने अपने दोस्त से इस नंबर पर कॉल करने के लिए कहा। लेकिन उसका फोन बंद आ रहा था। इस संबंध में उन्होंने मुलुंड पुलिस स्टेशन में मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मोबाइल फोन चोर की तलाश कर रही है।

# मुलुंड पूर्व और पश्चिम में बोल बच्चन कर २ वरिष्ठ नागरिकों के साथ की गई ठगी

## चैन चुराने वाले दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड में अभी भी बोल बच्चन कर महिलाओं के साथ ठगी करने के मामले लगातार उजागर हो रहे हैं। एक घंटे के भीतर ही मुलुंड पूर्व और पश्चिम पुलिस स्टेशन में एक-एक मामले दर्ज किए गए है। इन दोनों मामले में पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हए आरोपियों को धारावी से गिरफ्तार कर लिया है।

मुलुंड पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ६४ वर्षीय शशि नायर मुलुंड पश्चिम का रहिवासी है। ११ सितंबर को पीड़ित अपने निजी काम से मुलुंड पश्चिम एम जी रोड से जा रहा था। इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति पीड़ित के सामने आया और अपनी झूठी पहचान बताने लगा। बातों में उलझा कर अज्ञात व्यक्ति ने पीड़ित के गले



से सोने की चेन निकालकर पीड़ित के बैग में रखने का नाटक किया और चंद सेकेंड में घटनास्थल से फरार हो गया। जिसके बाद पीड़ित ने जब बैग खोलकर अपने बैग की तलाशी ली तब उसे एहसास हुआ कि बाग में सोने की चेन नहीं है। इस घटना के उजागर होने के बाद पीड़ित की ओर से सीधे मुलुंड पुलिस स्टेशन का रुख अपनाया गया और घटना की जानकारी दी गई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसके दो तोले के सोने की चेन अज्ञात व्यक्ति ने चुरा ली है। जिसकी कुल कीमत ६० हजार रुपए है।

वहीं दूसरी तरफ नवघर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता बाल सुब्रमण्यम कृष्णन मुलुंड पूर्व साने गुरुजी नगर का रहिवासी है। ११ सितंबर की दोपहर २:०० बजे पीड़ित अपने चप्पल को दुरुस्त करने के लिए स्टेशन की तरफ जा रहा था। जैसे ही शिकायतकर्ता प्रशांत होटल के पास पहुंचा एक अज्ञात व्यक्ति पीड़ित के सामने आया और पीड़ित का पुराना मित्र बताते हुए उसे गले मिलने लगा। हालांकि जब पीड़ित ने उसे दूर जाने को कहा तब अज्ञात व्यक्ति चिंतामणि गार्डन की दिशा में चला गया। कुछ दूर जाने के बाद पीड़ित को एहसास हुआ कि उसके गले में १४ ग्राम के पहने हुई सोने की चेन गायब है। जिसके बाद पीड़ित ने सीधे नवघर पुलिस स्टेशन में जाकर इस घटना की जानकारी दी पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसके १४ ग्राम के सोने की चेन ४५ हजार रुपए की है।

मुलुंड पूर्व और पश्चिम में लगातार बोल बच्चन कर नागरिकों को ठगने वाले गिरोह को लेकर अब पुलिस अलर्ट हो गई और इन दोनों मामलों में आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। जिसके बाद कुछ ही दिन के भीतर तकनीकी जांच के आधार पर नवघर पुलिस की ओर से धारावी से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन दोनों के नाम आकाश लुहेरा और सुदेश महादेव बताई जा रहे हैं। इन दोनों आरोपियों पर इसी तरीके के कई अन्य नागरिकों से ठगी किए जाने के आरोप होने की आशंका भी जताई जा रही है फिलहाल पुलिस ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है और मामले की अधिक जांच की जा रही है।

# पहली मंजिल के नीचे खड़े व्यक्ति पर डाम्बर गिरने से व्यक्ति हुआ जखमी

## नवघर पुलिस ने ठेकेदार पर दर्ज किया मामला ● पीड़ित का ६० फीसदी शरीर जला

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पूर्व के एक इमारत में मजदूरी का काम कर रहे युवक पर डांबर गिरने से ६० फीसदी शेयर जलने का दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। इस मामले में नवघर पुलिस की ओर से ठेकेदार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की अधिक जांच जारी है।

नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार २२ वर्षीय सिराज शैख ११ सितंबर को मुलुंड पूर्व के पाम एकर्स सोसायटी में मजदूरी का काम कर रहा था।

इसी इमारत के पहले मंजिल पर वॉटर प्यूरीफायर का काम शुरू था। जैसे ही सिराज यहां से गुजर रहा था पहली मंजिल से डाम्बर सीधे सिराज के शरीर पर गिर गया। जिसके चलते पीड़ित बुरी तरीके से जख्मी हो गया। इसी बीच गस्त कर रहे पुलिस को इसकी जानकारी मिली और सिराज को वीर सावरकर अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। जिसके बाद उसे सायन अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। फिलहाल नवघर पुलिस की ओर से साइट सुपरवाइजर और ठेकेदार योगेश कदम, शांतिसागर चव्हाण, दीपक कुमार पर आईपीसी की धारा २८८,३३८ और ३४ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की अधिक जांच की जा रही है।

Volume : 8 | Issue : 25 होम टाइम्स


CALL CENTER
022 66211333

E-MAIL ID
customerservice@homenet.net

FACEBOOK MESSENGER
HomeNet / @homenet.net

**Facebook Messenger Scan Code**: To get in touch, simply scan a code using the Messenger app.

HOME NET
www.homenet.net

DOUBLE MAZZA!! uploads & downloads at same speed, since 2010 now @ ₹194/-*

Pay For 6 Months & Get Additional 7 Months Free

## TRULY UNLIMITED SPEED PLANS

| PLAN NAME | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|
| 20 Mbps Unlimited | 500/- | NOW 231/-* | 3000/- |
| 30 Mbps Unlimited | 600/- | NOW 276/-* | 3600/- |
| 40 Mbps Unlimited | 720/- | NOW 332/-* | 4320/- |
| 50 Mbps Unlimited | 850/- | NOW 392/-* | 5100/- |
| 60 Mbps Unlimited | 985/- | NOW 455/-* | 5910/- |

## UNLIMITED POWER PLANS

| PLAN NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|---|---|
| 40 Mbps till Allotted Data | 250 | 20 Mbps | 600/- | NOW 277/-* | 3600/- |
| 60 Mbps till Allotted Data | 500 | 30 Mbps | 750/- | NOW 346/-* | 4500/- |

UPLOAD OR DOWNLOAD @SAME SPEED
99% UPTIME

- Affordable Rates
- Super speed Upto 100 mbps
- Customer support Android / IOS app
- Online Payments
- Customer care 9 am - 12 midnight

67 PE OFFER

## NEWLY LAUNCHED - FIBER TO THE HOME TECHNOLOGY

HOME FIBER powered by HomeNet

UNLOCK YOUR SUPERPOWER

## INTRODUCTORY HOME FIBER PACKS

UPGRADE YOUR EXISTING HOME NET TO NEW FIBERNET EXPERIENCE WITH ZERO INSTALLATION COST**

For New Customers installation charges of Rs.500/-* applicable

### HOME FIBER TRULY UNLIMITED SPEED PACKS

| PACK NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | EFFECTIVE MONTHLY RATE | 360 DAYS |
|---|---|---|---|---|
| 35 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 337/-* | 4040/- |
| 50 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 421/-* | 5050/- |
| 75 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 505/-* | 6060/- |
| 100 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 589/-* | 7070/- |

Many more Speed Pack options available up to 500 Mbps

** offer available only at the FTTH G / EPON Ready Building

TO AVAIL THIS INTRODUCTORY OFFER IN YOUR SOCIETY PLEASE COME TO US WITH A MINIMUM GROUP OF 15 CONNECTIONS

SYMMETRIC SPEED • SUPER SPEED PACK UP TO 500MBPS • EASY LOCAL APPROACH FOR ISSUE RESOLUTION • FASTER VISITS FOR TECHNICAL SOLUTIONS • NO VISIT CHARGES FOR ISSUES & COMPLAINTS

Customer Portal **login.homenet.net**
Customer Service Mobile App **Log2Space - HomeNet**

Download on the App Store | GET IT ON Google Play

FOR NEW CONNECTIONS OR QUERIES CALL

**Call - 75067 96562, 88790 00724, 88790 00720, 88794 47839**

**MULUND** - A / 16, Gaurav Annex, R.R.T Road, Mulund (W), Mumbai - 400 080. Tel.: 022 662 11 333

MALAD • COLABA • VASHI • NERUL • THANE • AIROLI • ASANGAON • VASIND

*conditions apply


Printer, Publisher& Owner : **Hemanshu Girish Kothari**& Printed at Dangat Media Pvt. Ltd, Plot No.22, Digha MIDC, Vishnu Nagar, TTC Industrial Area, Digha, Navi Mumbai. Published at G/4, Landmark Appartment, Devidayal Cross Road, Mulund (W), Mumbai - 80.**Home Times** (Office): - 6th Floor, Flora Point, S.N. Road, Near Mulund Court, Mulund (W), Mumbai-80. **Editor : Hemanshu Girish Kothari** ● **RNI No. MAHHIN/2016/75969**